◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

सुल्तानपुर में बीएससी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, किराए के कमरे में मिला शव



20 वर्षीय आयुषी सिंह का शव कमरे में लटका मिला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार; पुलिस जांच में जुटी।

सुल्तानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र के वलीपुर इलाके में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब किराए के मकान में रह रही बीएससी द्वितीय वर्ष की 20 वर्षीय छात्रा आयुषी सिंह का शव कमरे में लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, आयुषी वलीपुर में सभाराज वर्मा के मकान में किराए पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार शाम करीब चार बजे उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से देखने पर छात्रा का शव कमरे में लटका दिखाई दिया। इसके बाद मकान मालिक और परिजनों को सूचना दी गई।

बताया गया कि छात्रा मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के सुखपाल नगर की रहने वाली थी। वह पढ़ाई के सिलसिले में सुल्तानपुर में अपने ननिहाल आई हुई थी। दीपावली पर घर जाने के बाद वह दो दिन पहले ही वापस लौटी थी।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल छात्रा की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आ सकेगी।

इस घटना ने एक बार फिर इलाके में शोक और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है।

— ashif

राजनीति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के ‘धरोहर’ कार्यक्रम में कलाकारों को सम्मानित किया



लखनऊ— उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के स्थापना दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित ‘धरोहर’ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए कलाकारों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में लुप्तप्राय वाद्ययंत्रों का वादन करने वाले बच्चों की प्रस्तुतियों को विशेष प्रशंसा मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी प्रस्तुतियां यह सिद्ध करती हैं कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और साथ ही अपनी हजारों वर्षों की सांस्कृतिक धरोहर से विश्व को आकर्षित कर रहा है। इस बात पर सभी उपस्थित लोगों ने सराहना व्यक्त की।

कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ और उपस्थित कलाकारों एवं दर्शकों ने इस अवसर को सफल बनाने में सहयोग दिया।

— Kailash Chandra Gupta, लखनऊ

रक्षा

फतेहगढ़ में राजपूत रेजिमेंट के 17वें द्विवार्षिक सम्मेलन में राज्यपाल वीके सिंह ने की प्रशंसा



शुक्रवार को फतेहगढ़ स्थित राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में 17वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें देश की सैन्य परंपरा, वीरता और अनुशासन की शानदार झलक देखने को मिली।

मुख्य अतिथि के रूप में मिजोरम के राज्यपाल एवं पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह ने कार्यक्रम में भाग लिया। उनके पहुंचने पर सैन्य परंपराओं के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और वीर नारियों को सम्मानित किया।

संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि पिछले वर्षों में राजपूत रेजिमेंट ने अभूतपूर्व प्रगति की है और सेना, रेजिमेंटल सेंटर व जवान पूरी लगन, मेहनत और दक्षता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। उन्होंने रेजिमेंट के उज्ज्वल भविष्य पर भरोसा जताया तथा सैनिकों के प्रशिक्षण में समय, वातावरण और नई तकनीक के अनुसार बदलाव पर जोर दिया।

कनेक्टिविटी के विषय में उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सड़क फतेहगढ़ से होकर गुजरेगी, जिससे आने वाले समय में आवागमन आसान होगा और क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

सम्मेलन के दौरान जवानों ने पैरामोटर प्रदर्शन के जरिए आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए, उसके बाद डॉग शो में प्रशिक्षित डॉग्स ने सलामी देना, रस्सी पर चलना, सीढ़ियां चढ़ना, पुष्प भेंट करना और धन्यवाद देने जैसे करतब दिखाए। सुबह कार्यक्रम के दौरान फतेहगढ़ में जेएनवी तिराहे से यातायात डायवर्ट किया गया और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सेना व पुलिस के जवान तैनात रहे।

— Mohit Khanna

सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता आयोग ने शाहबाद के शावेज खान पर जताया भरोसा, बने रामपुर के नए जिला कार्यकारी अध्यक्ष — समर्थकों में जश्न का माहौल!



सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता आयोग ने शाहबाद के शावेज खान पर जताया भरोसा, बने रामपुर के नए जिला कार्यकारी अध्यक्ष — समर्थकों में जश्न का माहौल!

शाहबाद से राशिद अल्वी की रिपोर्ट

(रामपुर):

तहसील शाहबाद, जिला रामपुर के निवासी शावेज खान को सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता आयोग का रामपुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समाजसेवा में उनकी लगातार सक्रियता और मजबूत संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए आयोग ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी इस नियुक्ति की खबर मिलते ही स्थानीय समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है और उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लग गया है।

शीर्ष नेतृत्व का निर्देश और 6 महीने की अग्निपरीक्षा

यह नियुक्ति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी इरफान के निर्देश और उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सुएब साबरी की संस्तुति पर की गई है। आदेश के मुताबिक, शावेज खान को शुरुआती तौर पर छह महीने की परीक्षण अवधि (प्रोबेशन पीरियड) के लिए यह पदभार दिया गया है। इन छह महीनों के दौरान जमीनी स्तर पर उनके कार्यों और संगठन के प्रति उनके योगदान का गहन मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे उन्हें स्थाई जिम्मेदारी देने पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

संगठन विस्तार और नियमित रिपोर्टिंग का जिम्मा

आयोग ने नवनियुक्त जिला कार्यकारी अध्यक्ष को जिले में संगठन की जड़ें मजबूत करने और इसकी गतिविधियों का विस्तार करने का टास्क दिया है। इसके साथ ही:

उन्हें जल्द से जल्द जिला कार्यकारिणी का गठन कर उसकी सूची प्रदेश कार्यालय भेजनी होगी।

जिले में होने वाले जनसंपर्क कार्यक्रमों और सामाजिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना होगा।

अपने कार्यों की नियमित प्रगति रिपोर्ट भी प्रदेश कार्यालय को सौंपनी होगी।

वंचितों के हक और महिला सशक्तिकरण होगी प्राथमिकता

शावेज खान की मुख्य प्राथमिकताओं में सामाजिक न्याय दिलाना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, आम जनता की समस्याओं का समाधान करना और समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा करना शामिल है।

निष्ठा से काम करने का लिया संकल्प

नियुक्ति पर शावेज खान ने आयोग के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ समाजहित में कार्य करेंगे और जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

— Rashid albi

स्थानीय

मानव-वानर संघर्ष रोकने की दिशा में जालौन प्रशासन की बड़ी पहल, जनपद में विकसित होंगी 50 कपि वन वाटिकाएं।



उरई, जालौन। जनपद में मानव-वानर संघर्ष को रोकने और बंदरों को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। इसके तहत जालौन में 50 कपि वन वाटिकाएं विकसित की जाएंगी। इन वाटिकाओं में बंदरों को उनके प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप भोजन और सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी समीर ने समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों के समीप न्यूनतम एक हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर वहां फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएं। साथ ही पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल और वाटिकाओं के बेहतर रखरखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने बंदरों को पकड़ने के लिए तत्काल टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर वन विभाग के समन्वय से अभियान शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कपि वन वाटिकाओं में आम, जामुन, अमरूद, कटहल और बेल जैसे फलदार एवं छायादार पौधे लगाने पर विशेष जोर दिया। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य बंदरों को आबादी से दूर उनके अनुकूल प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को बंदरों से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी और मानव-वानर संघर्ष की घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी। जनपद में 50 कपि वन वाटिकाओं का विकास वन्यजीव संरक्षण और जनसुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

— Pankaj Gupta

तत्काल टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर वन विभाग के समन्वय से अभियान शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कपि वन वाटिकाओं में आम, जामुन, अमरूद, कटहल और बेल जैसे फलदार एवं छायादार पौधे लगाने पर विशेष जोर दिया। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य बंदरों को आबादी से दूर उनके अनुकूल प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को बंदरों से होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी और मानव-वानर संघर्ष की घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी। जनपद में 50 कपि वन वाटिकाओं का विकास वन्यजीव संरक्षण और जनसुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

— Pankaj Gupta

मुख्यमंत्री के दौरे से पहले आरती स्थल का अधिकारियों ने लिया जायजा



गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री के दौरे से पहले अधिकारियों ने गढ़मुक्तेश्वर स्थित आरती स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एडीजी मेरठ, जिलाधिकारी हापुड़, जिला विकास अधिकारी हापुड़ तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हापुड़ सहित संबंधित अधिकारियों ने आरती स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात, प्रकाश व्यवस्था, मंच एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।


अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर किसी भी स्तर पर कमी न रहने देने के लिए लगातार तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

— Ram Garg

धर्म

मुख्यमंत्री के दौरे से पूर्व गढ़मुक्तेश्वर में अधूरी व्यवस्थाओं पर जिलाधिकारी ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई




गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पूर्व, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ कार्य अधूरे पाए जाने पर उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सभी व्यवस्थाएँ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधूरे पड़े कार्यों को तत्काल पूरा कराने और साफ-सफाई, सुरक्षा, सड़क, विद्युत तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिये प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

— Ram Garg



Purv Rahe Jila Panchayat sadasya Sumerpur dwitiya se Omprakash Yadav ji se Mulakat prapt Hui

— Ranjeet Yadav

स्थानीय

बहराइच में रोजगार मेले में 341 अभ्यर्थियों का चयन, विधायक ने जॉब ऑफर लेटर सौंपे



बहराइच, 13 नवंबर – उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार अभियान के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय ने शान्ती देवी सुभाष चंद्र सुशांत पीजी कॉलेज, चाकूजोत परिसर में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया। इस मेले का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने मेले की सराहना करते हुए अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराने की सलाह दी और बताया कि इससे शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को देश और विदेश दोनों में रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार के अनुसार, 17 निजी कंपनियों ने भाग लिया और 602 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इनमें से 341 अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण के लिए चयन किया गया। मेले में उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग, लीड बैंक एवं श्रम विभाग के स्टॉल भी लगाए गए, जहाँ विभागीय योजनाओं की जानकारी और पंजीकरण कराया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री अजय प्रताप सिंह अज्जू, नगर अध्यक्ष सतीश सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र शर्मा ज्ञानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र देव त्रिपाठी, विश्राम कनौजिया, गौरव तिवारी और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, अभ्यर्थी एवं उनके परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित पांडेय ने किया और अंत में जिला सेवायोजन अधिकारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

— Pramod Kumar

mathura एआई से बढ़ रही सेल्सफोर्स की ताकत, युवाओं को मिलेगा फायदा: राजीव एकेडमी में बोले टेक एक्सपर्ट विवेक तोमर



mathura एआई से बढ़ रही सेल्सफोर्स की ताकत, युवाओं को मिलेगा फायदा: राजीव एकेडमी में बोले टेक एक्सपर्ट विवेक तोमर

— Thakur Harendra Singh

मिशन 2027: राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का बड़ा ऐलान, उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर लड़ेगा चुनाव



उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (R.A.M.) ने आगामी चुनावों के लिए अपनी तैयारियों का शंखनाद कर दिया है। संगठन द्वारा जारी एक आधिकारिक पोस्टर के माध्यम से यह घोषणा की गई है कि मोर्चा प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारकर चुनावी मैदान में उतरेगा।

संगठन द्वारा जारी इस पोस्टर में संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री, प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप अवस्थी तथा शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा के नाम और चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। मिशन 2027 के अंतर्गत संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में अपनी राजनीतिक उपस्थिति को सुदृढ़ करना है। पोस्टर में 'सबका साथ, सबका अधिकार' के नारे के साथ संगठन की विचारधारा को भी प्रस्तुत किया गया है।


शाहजहांपुर के संदर्भ में, संगठन ने रिंकू पाठक 'राज' को जिला अध्यक्ष (चुनाव प्रभारी) नियुक्त किया है, जिनकी तस्वीर को पोस्टर में प्रमुखता से स्थान दिया गया है। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का यह कदम उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा और संगठन विस्तार की व्यापक योजना को दर्शाता है।

मिशन 2027 के इस ऐलान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब सबकी दृष्टि इस बात पर टिकी है कि संगठन आगामी समय में विभिन्न जिलों में अपनी टीम का विस्तार किस प्रकार करता है और जनता के बीच किन प्रमुख मुद्दों को लेकर अपनी पैठ बनाता है।

— Satyam Verma

शिक्षा

19 नवंबर को बेसिक शिक्षा विभाग की होगी समीक्षा बैठक, शिक्षकों की पदोन्नति समेत कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी पत्र दिनांक 12 नवंबर 2026 के क्रम में आगामी 19 नवंबर 2026 को प्रातः 10:30 बजे समीक्षा बैठक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की जाएगी। इस बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की जाएगी। बैठक का मुख्य एजेंडा बेसिक शिक्षा परिषद के अध्यापकों की पदोन्नति से संबंधित लंबित एवं अन्य प्रकरणों पर विचार-विमर्श करना है। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV) एवं उन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में, जहां स्मार्ट क्लास और ICT की सुविधा उपलब्ध है, ज्ञान अकादमी के माध्यम से शिक्षण कार्य कराए जाने की व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी।

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने पर रहेगा जोर बैठक में शिक्षकों की पदोन्नति से जुड़े मामलों के साथ-साथ तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था की प्रगति पर भी चर्चा होने की संभावना है। स्मार्ट क्लास एवं ICT सुविधाओं का प्रभावी उपयोग कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के विषय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह समीक्षा बैठक उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

— Pankaj Gupta, लखनऊ

उन्नाव में तालाब से मिला 28 वर्षीय युवक का शव, हत्या की आशंका पर परिजनों का हंगामा



उन्नाव में तालाब में मिला 28 वर्षीय युवक का शव, हत्या के आरोप से मचा हड़कंप

उन्नाव के राजधानी मार्ग स्थित मरहला चौराहे के पास विष्णुपुरी तालाब में गुरुवार देर रात 28 वर्षीय रेशु पांडे का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शुक्रवार शाम गंगाघाट कोतवाली के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

दोस्त के साथ घर से निकले थे रेशु

परिजनों के मुताबिक, रेशु गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे एक दोस्त के साथ घर से निकले थे। रात करीब 10:30 बजे तालाब में एक युवक के डूबने की सूचना मिली। गोताखोरों ने करीब 12 से 13 फीट गहरे पानी में तलाश की तो युवक जलकुंभी और कचरे के बीच फंसा मिला। करीब 15 से 20 मिनट की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला गया।

सोशल मीडिया से मिली बेटे की मौत की खबर

मृतक के पिता राजेश पांडे का आरोप है कि परिवार को बेटे की मौत की सूचना सीधे नहीं दी गई, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली। उन्होंने आशंका जताई कि बेटे की हत्या कर शव तालाब में फेंका गया है।

पोस्टमॉर्टम में डूबने से मौत की पुष्टि

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना बताया गया है। इसके बावजूद परिजन मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं। कोतवाली के बाहर विरोध के दौरान मृतक की नेत्रहीन मां का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

फिलहाल हत्या के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

— Ankit Dwivedi

स्थानीय

छठ घाट पर डूबकर 16 वर्षीय गोलू कुमार की मृत्यु, मां की दुआ बेकार



समस्तीपुर के बीआरबी कॉलेज के छठ घाट पर शुक्रवार को छठी मइया की आराधना के दौरान एक हृदयविदारक दुर्घटना घटी। 16 वर्षीय गोलू कुमार, जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुईधारा मोहल्ला, वार्ड संख्या-40 निवासी रामू दास के पुत्र थे, उसी तालाब में डूबकर मृत्यु हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही घाट पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत किशोर की तलाश शुरू की। माँ की लगातार तालाब की ओर टिकी नजरें और उसके बेटे को सुरक्षित निकालने की प्रार्थनाएँ सभी को भावुक कर गईं।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह और पुलिस बल के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुँची। मोटर बोट की मदद से लगभग पाँच घंटे तक तालाब में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अंततः गोताखोरों ने गोलू का शव बाहर निकाला, जिसे परिजनों ने निजी अस्पताल पहुँचाया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

माँ की मार्मिक पुकार और छठी मइया का नाम लेकर आंचल फैलाकर गुहार लगाना, तथा उसके बेटे की सलामती की आशा, सभी के दिलों में गूँजती रही। जब गोताखोरों ने शव निकाला, तो माँ अपने कलेजे के टुकड़े को देखकर बेहोश हो गई।

जिसके लिए उसकी माँ ने कर्ज लेकर महंगा मोबाइल फोन दिलाया था। परिवार की उम्मीद थी कि यह छोटा सा आनंद घर में रौनक लाएगा, पर यह शौक ही उसे छठ घाट के तालाब में डूबने के लिये ले गया।

— Deepak Kumar

स्थानीय

जालौन में आरक्षी भर्ती चिकित्सा परीक्षण केंद्र का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण, पारदर्शिता के दिए निर्देश



जालौन, 13 नवंबर। जनपद में चल रही आरक्षी भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने शुक्रवार को भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत स्थापित चिकित्सा परीक्षण केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा परीक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं और प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक मापन (ऊंचाई, सीना एवं वजन) सहित चिकित्सा परीक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सा टीम एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि भर्ती प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए। किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षण के दौरान असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने भर्ती में शामिल होने आए अभ्यर्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सचेत करते हुए कहा कि वे किसी भी दलाल या बिचौलिए के झांसे में न आएं। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल मेरिट के आधार पर किया जा रहा है। इसके लिए किसी भी व्यक्ति को कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा परीक्षण केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू एवं संतोषजनक पाई गईं। पुलिस अधीक्षक ने भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्षता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

— Pankaj Gupta

स्थानीय

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण, जवानों को दिए सतर्क रहने के निर्देश



उरई (जालौन)। पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन सुरेश चंद्र रावत ने शुक्रवार को पुलिस लाइन उरई में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण की तथा परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, वर्दी एवं साज-सज्जा (टर्नआउट) के साथ ही जवानों की शारीरिक और मानसिक फिटनेस का बारीकी से जायजा लिया।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को उच्च स्तरीय अनुशासन बनाए रखने और सदैव अलर्ट मोड में रहने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हर परिस्थिति में सतर्क एवं कर्तव्य के प्रति सजग रहना चाहिए।

लाइन की विभिन्न शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, बैरकों, कैंटीन एवं पुलिस मेस का गहन निरीक्षण किया। मेस में जवानों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाइन परिसर में शत-प्रतिशत स्वच्छता बनाए रखने के लिए संबंधित प्रभारियों को सख्त हिदायत दी। इसके बाद अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक के इस निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, कार्यक्षमता, फिटनेस और बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना रहा।

— Pankaj Gupta

स्थानीय

जनजातीय गौरव, राष्ट्र का स्वाभिमान! भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन



झांसी। छठवें जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर झांसी मंडल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष, बलिदान एवं राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के प्रेरणादायी जीवन, संघर्ष, सामाजिक योगदान और समृद्ध जनजातीय विरासत पर आधारित एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रदर्शित कर जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से लोगों को परिचित कराया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, साहस और देशभक्ति को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। उनका जीवन आज भी समाज को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, स्वाभिमान के साथ जीवन जीने और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव जनजातीय गौरव एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक बने रहेंगे।

— Pankaj Gupta

धर्म

नगर निगम ने अस्सी घाट से नाव द्वारा छठ पूजा-देव दीपावली के लिए गंगा घाटों का निरीक्षण किया

नगर निगम वाराणसी ने आगामी छठ पूजा एवं देव दीपावली के लिये अस्सी घाट से नाव के माध्यम से गंगा के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। यह कदम श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा तथा स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया।

निरीक्षण के दौरान सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सीढ़ियों की स्थिति, सुरक्षा उपाय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जाँच की गई। नगर निगम के अधिकारी एवं क्षेत्रीय पार्षद इस प्रक्रिया में उपस्थित रहे।

नगर निगम का लक्ष्य दोनों पर्वों के दौरान काशी आने वाले भक्तों एवं पर्यटकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान करना है। निरीक्षण के परिणामस्वरूप आवश्यक सुधारों की सूची तैयार की गई।

समाधान हेतु कार्य योजना बनाकर शीघ्र कार्यान्वयन का आश्वासन दिया, जिससे आगामी उत्सवों में बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

— Kailash Chandra Gupta, वाराणसी

स्थानीय

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट, कलेक्ट्रेट सभागार में हुई महत्वपूर्ण बैठक



उरई (जालौन)। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार उरई में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी, जालौन समीर ने की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत क्रिटिकल मतदान स्थलों के चिन्हीकरण एवं विधानसभावार विस्तृत सूचना तैयार करने को लेकर अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की गई। बैठक में संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से पूरी की जाएं। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आपसी समन्वय और सतर्कता के साथ कार्य करते हुए आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

— Pankaj Gupta

नौकरी

बलिया में बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती शिविरों की शुरुआत



बलिया जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसआईएस इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से सुरक्षा सैनिक और सुपरवाइजर के पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया 18 नवंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर 2026 तक चलेगी। खास बात यह है कि जिले के किसी भी विकासखंड के अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार निर्धारित तिथि पर किसी भी ब्लॉक के भर्ती शिविर में शामिल हो सकते हैं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों तथा निजी सुरक्षा एजेंसी विनियमन अधिनियम (पसारा एक्ट) 2005 के तहत यह भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। इसके लिए विकासखंडवार तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। बेलहरी एवं बांसडीह में 18 और 19 नवंबर, बेरुआरबारी एवं चिलकहर में 20 और 21 नवंबर, दुबहड़ एवं गड़वार में 22 और 23 नवंबर, मनियर एवं हनुमानगंज में 24 और 25 नवंबर, नवानगर एवं नगरा में 26 और 27 नवंबर, पंदह एवं रसड़ा में 3 और 4 दिसंबर, सीयर एवं रेवती में 5 और 7 दिसंबर, मुरलीछपरा एवं सोहांव में 8 और 9 दिसंबर, तथा बैरिया में 10 और 11 दिसंबर 2026 को शिविर आयोजित होंगे।

डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय एवं भर्ती अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा सैनिक पद के लिए अभ्यर्थी का हाईस्कूल पास होना अनिवार्य है। उसकी उम्र 19 से 40 वर्ष के बीच, लंबाई 168 सेंटीमीटर, सीना 80 से 85 सेंटीमीटर तथा वजन 56 से 90 किलोग्राम के बीच होना चाहिए। वहीं, सुपरवाइजर पद के लिए इंटरमीडिएट पास होना जरूरी है। अभ्यर्थी की उम्र 19 से 40 वर्ष और लंबाई कम से कम 170 सेंटीमीटर होनी चाहिए। अभ्यर्थी शारीरिक रूप से योग्य और व्यक्तित्व में प्रभावशाली होना चाहिए।

अधिकारियों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 350 रुपये पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण के लिए जौनपुर स्थित ट्रेनिंग सेंटर भेजा जाएगा। एक माह का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद चयनित युवाओं को सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में सुरक्षा कार्य के लिए तैनाती दी जाएगी। इनमें वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, बेंगलुरु, नोएडा और गुरुग्राम सहित विभिन्न शहरों के होटल, रेलवे, मेट्रो, अस्पताल, विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं। नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, पेंशन और बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने संबंधित या सुविधानुसार किसी भी विकासखंड परिसर में निर्धारित तिथि पर पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। संपर्क नंबर: 7054726330, 7800406043, 8957008937।

— ANAND KUMAR PANDEY

अपराध

जालौन पुलिस की बड़ी कामयाबी, 12 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे



उरई (जालौन)। जनपद जालौन में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर जालौन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरि के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना टीम ने 12 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, विगत दिनों कुछ लोगों के मोबाइल फोन कहीं गुम हो गए थे। मोबाइल स्वामियों ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए साइबर थाना टीम ने त्वरित कार्रवाई की और सर्विलांस की सहायता से गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रैक कर सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बरामद किए गए सभी 12 मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए गए। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने जालौन पुलिस एवं साइबर क्राइम थाना टीम की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया।

बरामदगी का विवरण: कुल 12 अदद गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए।

— Pankaj Gupta

डीएम का धान क्रय केंद्रों और खाद वितरण समितियों पर औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश



किसानों से फोन पर की बात, धान खरीद में पारदर्शिता और निर्धारित मूल्य पर खाद वितरण सुनिश्चित करने को कहा

जौनपुर।जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने शुक्रवार को नवीन मंडी (करंजाकला एट धर्मापुर) और विकास खंड करंजाकला के कोठवार स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के राजकीय धान क्रय केंद्र एवं खाद वितरण समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीद की तैयारियों, किसानों को मिलने वाली सुविधाओं और खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

नवीन मंडी स्थित धान क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अभिलेखों और रजिस्टरों की जांच की। रजिस्टर में दर्ज किसानों के मोबाइल नंबर पर फोन कर धान बिक्री की स्थिति की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान में नमी अधिक होने के कारण वे अगले 10 से 15 दिनों में अपनी उपज बेचने के लिए केंद्र पर लाएंगे। मंडी परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था में कमी मिलने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने कोठवार स्थित बी-पैक्स समिति के धान क्रय केंद्र और खाद वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। यहां केंद्र प्रभारी मौजूद मिले। डीएम ने टोकन रजिस्टर की जांच करते हुए उसमें दर्ज किसान राजदेव प्रजापति निवासी किशुनपुर से फोन पर बातचीत कर धान बिक्री की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने समिति की उर्वरक वितरण पंजिका और गोदाम में उपलब्ध खाद के स्टॉक का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि समिति को पहले प्राप्त डीएपी खाद का वितरण किया जा चुका है और वर्तमान में एनपीएस उर्वरक उपलब्ध है। किसानों की मांग को देखते हुए जल्द ही खाद की नई रैक उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई।

जिलाधिकारी ने समिति सचिव और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की निर्धारित क्रय नीति के अनुसार धान की खरीद पारदर्शी एवं नियमानुसार की जाए। किसानों को क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहें। साथ ही सहकारी समितियों पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा निर्धारित मूल्य पर ही वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

डीएम ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को जिले के सभी धान क्रय केंद्रों और सहकारी समितियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को धान बेचने और खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

— Surya bhan singh

अपराध

रामनगर पुलिस ने मारपीट व गाली-गलौज के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया



रामनगर, वाराणसी में पुलिस ने मारपीट व गाली-गलौज से संबंधित मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई जिला पुलिस प्रमुख काशी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को थाना रामनगर पुलिस ने हिरासत में ले लिया और आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की।

प्रकार की हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

— Kailash Chandra Gupta, वाराणसी

अपराध

बड़कागांव में गौ तस्करी के आरोप में बड़ी पुलिस कार्रवाई, तीन गिरफ्तार, 13 मवेशी बरामद



बड़कागांव पुलिस ने गौ तस्करी के आरोप में एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें पूर्व मुखिया सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। यह कदम स्थानीय पशुपालन की सुरक्षा और अवैध तस्करी को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और लगभग अठारह हजार रुपये नकद जब्त किए। साथ ही, तस्करियों के पास मौजूद कुल तेरह मवेशी बरामद कर ली गईं।

जबरदस्त तस्करी नेटवर्क को तोड़ने के लिए की गई इस कार्रवाई में सभी बरामद वस्तुओं को उचित प्राधिकरण को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि भविष्य में इसी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए निगरानी को कड़ा किया जाएगा।

गिरफ्तार हुए तीन आरोपियों को तुरंत न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहाँ से आगे की कानूनी कार्यवाही जारी रहेगी। स्थानीय प्रशासन ने इस कदम को सराहते हुए कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में पशु तस्करी को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

— Rohit Kumar Yadav

स्थानीय

अंबेडकरनगर: स्व-जनगणना के प्रति जागरूकता हेतु अपर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से की अपील



अंबेडकरनगर में स्व-जनगणना की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्सना बंधु ने जनपद वासियों को संबोधित करते हुए स्व-जनगणना के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अपर जिलाधिकारी ने नागरिकों को जनगणना की प्रक्रिया और इसके लाभों से अवगत कराया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया ताकि डेटा का सटीक संकलन किया जा सके।

जनपद वासियों से अपील करते हुए ज्योत्सना बंधु ने कहा कि स्व-जनगणना में सक्रिय रूप से भाग लेना प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्व है। उन्होंने प्रशासन द्वारा दी जा रही जानकारी का पालन करने और इस अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया है।

— सुधीर श्रीवास्तव

बहराइच के सेंट नॉर्बर्ट्स स्कूल में सड़क सुरक्षा और राहवीर योजना पर जागरूकता कार्यक्रम



शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 को बहराइच में यातायात माह के अंतर्गत सेंट नॉर्बर्ट्स स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात पुलिस ने छात्रों को ट्रैफ़िक नियमों के पालन और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया।

सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएँ और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। साथ ही नाबालिगों को वाहन न चलाने और आयु पूरी होने पर वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने की सलाह दी गई।

पुलिसकर्मियों ने राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी भी दी। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर मदद करने वाले नागरिकों को अनावश्यक कानूनी परेशानियों से संरक्षण तथा पात्र मददगारों को पुरस्कृत किया जाता है, जिससे जीवन बचाने में सहयोग मिल सके।

स्वयं नियमों का पालन करने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आए और अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सके।

— **Pramod Kumar**